प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मुख्यंमत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी मंत्रियों और विधायकों को तबादलों पर ध्यान देने की बजाय विकास कार्यों को तवज्जो देने के निर्देश दिए हैं। विधानसभा परिसर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए एक आदमी एक पद के तहत कार्य करना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन के लिए समय नहीं देने वाले नेताओं की जगह सक्रिय कार्यकर्ताओं को पद दिए जाने चाहिए। इस दौरान विधायकों से लोकसभा चुनाव में मिली हार के कारणों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

भाजपा

भाजपा ने तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेवारियां सौंपी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने बताया कि नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए पूर्व मंत्री व विधायक सुखराम चौधरी को प्रभारी और राज्यसभा सांसद व पार्टी महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार को संयोजक लगाया गया है। देहरा विधानसभा क्षेत्र के लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन परमार को प्रभारी और पूर्व मंत्री व विधायक बिक्रम ठाकुर को संयोजक का जिम्मा सौंपा गया है। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए विधायक रणधीर शर्मा को प्रभारी और प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा का संयोजक बनाया गया है।

मॉकड्रिल

प्रदेश के सभी ज़िलों में कल 14 जून को मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से शिमला में आयोजित टेबल टॉप अभ्यास बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपदा के समय विभिन्न घटनाओं से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के अलावा मॉकड्रिल के समय धरातल पर सभी विभागों में पूरी तरह समन्वय होना ज़रूरी है। मुख्य सचिव ने कहा कि मॉकड्रिल के माध्यम से ज़मीनी स्तर पर त्वरित प्रक्रिया के बारे में वास्तविक स्थिति का पता चल सकेगा।

प्यारी बहना योजना

इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मंडी जिला में 16 मार्च तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंडी जिला उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि जिले में इस योजना के अंतर्गत आदर्श चुनाव आचार संहिता से पूर्व 6 हजार 19 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनके लिए मंडी के जिला कल्याण विभाग को 2 करोड़ 70 लाख 85 हजार 5 सौ 83 रूपए की राशि प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अभी तक 3 हजार एक सौ 87 मामलों को जांच के बाद स्वीकृत किया जा चुका है जबकि शेष 2 हजार 8 सौ 32 की जांच दो दिन के भीतर पूरी कर ली जाएगी।

मौसम

प्रदेश के मैदानी इलाकों समेत कई जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है और अधिकतम तापमान 44 डिग्री के आस–पास रिकार्ड किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, मंडी, सोलन और सिरमौर में हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक सुरेन्द्र पॉल ने इस दौरान लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। हालांकि राज्य के अधिकांश भागों में कल बादलों के बरसने के आसार हैं। प्रदेश में अगले सप्ताह से प्री–मॉनसून की संभावना है जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकेगी।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता दी है।

पंजाब केसरी और दैनिक सवेरा टाइम्स की सुर्खी है–सरकार गिराने का षड्यंत्र रचने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो तेज। दैनिक जागरण और आपका फैसला का एक जैसा शीर्षक है–भाजपा का सरकार बनाने का दावा विफल। जबकि हिमाचल दस्तक लिखता है–खरीद–फरोख्त की राजनीति को प्रदेश की जनता ने नकारा।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–कांग्रेस को सीएम पर भरोसा चट्टान की तरह साथ रहेंगे–विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित।

अमर उजाला ने दिल्ली में पानी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है–हिमाचल से पानी आ रहा है, तो जा कहां रहा है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–दो विधायकों की ओर से दायर मानहानि केस में सीएम को हाईकोर्ट का नोटिस। इसी समाचार पत्र ने भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है–मैं पार्टी का निष्टावान कार्यकर्ता लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में नहीं। जबकि पंजाब केसरी ने अनुराग ठाकुर के बयान को शीर्षक दिया है–मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल नहीं, भाजपा कार्यकर्ता था और रहूंगा।

विधानसभा उपचुनाव पर हिमाचल दस्तक की खबर है—आज दिल्ली भेजा जाएगा कांग्रेस टिकट पर नामों का पहला पैनल। वहीं दैनिक जागरण ने लिखा है—भाजपा में देहरा व नालागढ़ से पैनल और हमीरपुर से जाएगा एक नाम।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है—उद्योगों को बड़ा झटका, 1200 फीसदी बढ़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेल्पमेंट चार्ज।